# Session 2018-2019

1. अंतर्राष्टीय योग दिवस (21जून, 2018):—

   उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार 21 जून 2018 को "अंतर्राष्टीय योग दिवस" का आयोजन किया गया। जिसका थीम ''**Yoga For Harmony And Peace**'' प्रार्थना के मंत्रों से योगभ्यास प्रारम्भ करने के पश्चात् अनुलोम, विलोम, शिथलीकरण चालन, सूर्यासन, ताड़ासन, सूर्य नमस्कार, श्वासन तथा शांति पाठ किया गया।



2. वृक्षारोपण (20.07.2018)

   शासकीय शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर के परिसर में 20.07.2018 को प्राचार्य डॉ0 कोमल सार्वा जी के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में महाविद्यालय के छात्र तथा छात्राओं द्वारा फूलदार, फलदार तथा छायादार पौधों का रोपण किया गया। पौधों को खाद एवं पानी दिया गया। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय द्वारा वृक्षारोपण की आवश्यकता एवं महत्ता पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में कुल 141 लोगो ने भाग लिया जिसमें स्टॉफ एवं छात्र सम्मिलित थे।



3. स्वच्छ भारत अभियान (10.08.2018)

स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत 10.08.2018 को शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर में श्री सत्य प्रकाश तिवारी (सहायक प्राध्यापक हिन्दी) के उपस्थिति में महाविद्यालय के विद्यार्थियों को स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में 105 विद्यार्थियों ने भाग लिया।



4. स्वच्छता पखवाड़ा कार्यशाला (14.08.2018)

स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत

शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत 14.08.2018 को स्वच्छ भारत स्वस्थ्य भारत विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कोमल सार्वा उपस्थित हुए तथा संबोधन किया। कार्यक्रम में 89 छात्र – छात्राओं के अलावा महाविद्यालयीन स्टॉफ श्री एस.पी.तिवारी, श्री कमल नारायण ठाकुर श्री गोपेश दास साहू, डॉ.वन्दना दास, तथा श्री जनक राव कृदत उपस्थित थे।



5. मतदाता जागरूकता अभियान (24.08.2018):–

विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 24.08.2018 को शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर में मतदाता जागरूकता एवं नवीन मतदाताओं के परिचय पत्र बनाने तथ मतदान प्रक्रिया एवं मतदान के महत्व पर 'वकत्वय एवं उद्बोधन' कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसमें प्राचार्य डॉ0 कोमल सार्वा महाविद्यालय के स्टॉफ श्री एस.पी.तिवारी, श्री कमल नारायण ठाकुर श्री गोपेश दास साहू, डॉ.वन्दना दास, सुश्री अंजूमन बानो, श्री देव सिंह कवंर, श्री जनक राव कृदत तथा एस. डी.एम. कार्यालय के प्रतिनिधि अधिकारी–कर्मचारी तथा छात्र–छात्राएँ उपस्थित हुए।

**मतदाता जागरुकता के क्षेत्र में मतदाता मित्र बनकर मतदाताओं की मदद करने के रुप में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के छात्र संजीव बिश्वास,चंदन सरकार, विश्वजीत बिश्वास, विपल्लव को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।**





6 शिक्षक दिवस (05.09.2018)

दिनांक 05.09.2018 को विद्यार्थियों तथा NSS इकाई के सहयोग से शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सभी शिक्षको को उनके राष्ट्र निर्माण में भूमिका एवं योगदान के लिए सम्मानित किया। सभी शिक्षको ने भी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ उनके जीवन में पढ़ाई के महत्व पर प्रकाश डाला।





7. राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (10सितंबर 2018)

शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर में दिनांक 10.09.2018 को रा.से.यो. इकाई एवं स्वास्थ्य विभाग पखांजूर के सहयोग से राष्ट्रीय कृमी मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ0 कोमल सार्वा ने कृमि के दुष्परिणामों से अवगत कराया तथा 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के विद्यार्थियों को अनबेंडाजोल 400 mg की एक गोली आवश्यक रूप से खाने की सलाह दी तथा अपने समक्ष विद्यार्थियों को गोली खिलवाई । कार्यक्रम में 137 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।



8. महात्मा गाँधी जयंती (150) समारोह एवं राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान :— 02/10/2018

शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर में दिनाँक 02/10/2018 को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की 150 वी जयंती समारोह को हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ0 कोमल सार्वा ने विद्यार्थियों को महात्मा गाँधी जी के विचारों एवं जीवन दर्शन से अवगत कराया। इस अवसर पर रा.से.यो. के स्वंय सेवकों द्वारा भाषण,एवं खेलकूद तथा अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के सभी प्राध्यापकों तथा कर्मचारियों सहित 158 विद्यार्थी उपस्थित थे।



9. स्वीप कार्यक्रम :— **VVPAT** जागरुकता प्रशिक्षण :— 08/10/2018

दिनाँक 08/10/2018 को शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर में आगामी चुनावों के मद्देनजर EVM एवं VVPAT मशीनों की कार्यप्रणाली के संबंध जागरुकता प्रशिक्षण विद्यार्थियों को दिया गया। चुनाव आयोग के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के तहत तहसील पखांजूर के सहयोग से मास्टर ट्रेनर ने यह प्रशिक्षण दिया। उन्होंने समझाया कि VVPAT मशीन से चुनावों में पारदर्शिता होगी और किसी प्रकार की गडबड़ी की कोई गुंजाइष नही है। मास्टर ट्रेनर ने CPU, EVM एवं VVPAT की कार्य प्रणाली को प्रत्यक्षतः विद्याार्थियों को VOTING करके अवगत कराया। कॉलेज के प्राध्यापकों तथा कर्मचारियों के अलावा विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में उत्सापूर्वक भाग लिया।



10. राष्ट्रीय एकता दिवस रन फॉर यूनिटी'' :– 31 / 10 / 2018

शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर में दिनाँक 31 / 10 / 2018 को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रुप में मनाई गई। प्राचार्य डॉ0 कोमल सार्वा ने कॉलेज के कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों को लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के व्यक्तित्व एवं दृढ निश्चयी प्रवृति से अवगत कराया तथा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान की प्रशंसा की। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने राष्ट्रीय एकता के लिए दौड़ (RUN For UNITY) का शुभारम्भ भी झंडी दिखाकर किया। राष्ट्रीय एकता दौड़ में महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित 130 विद्यार्थी शामिल हुए।



11. सप्त दिवसीय विशेष शिविर –

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर द्वारा ग्राम पंचायत हरनगढ़ वि0 ख0 कोयलीबेड़ा में दिनांक 22.12.2018 से 28.12.2018 तक सप्त दिवसीय मेघा शिविर का आयोजन स्वच्छ भारत अभियान जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के द्वारा किया गया। जिसमें महाविद्यालय के कुल 50, शासकीय हाई स्कूल परतापुर के 35 तथा शासकीय हाई स्कूल पखांजूर के कुल 45 विद्यार्थियों (बालक / बालिका) साथ ही स्कूल और महाविद्यालय के कुल 08 स्टॉफ की सहभागिता रही। शिविर उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम में जिला समन्वयक डॉ. आयशा कुरैशी मुख्य अतिथि, सरपंच ग्राम पंचायत डोण्डे, श्री राजेश मण्डल पूर्व जनपद सदस्य, सचिव आदि उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ.कोमल सार्वा जी ने NSS के उद्देश्य एवं कार्यक्रम पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होने स्वच्छता अभियान एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में निम्न कार्य किये गयेः

1. शिविर में स्वयं सेवकों ने पंचायत भवन परिसर की साफ–सफाई, पंचायत के नाले की सफाई, कचरे का निपटान, पॉलीथीन संग्रहण, नाली निर्माण, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला की सफाई एवं कटीली झाड़ियों की छटाई की।
2. डोण्डे के मुख्य पारा में नलजल प्रदाय के मुख्य जलस्त्रोत के कूप के समक्ष गंदगी साफ की गई, कीचड़ कचरे से मुक्त किया गया।
3. शिविर में नियमित गतिविधियों के अलावा नशा मुक्ति, अंधविश्वास जागरूकता के विषय पर व्याख्यान करवाया गए।
4. यह कार्यक्रम ग्रामिणों एवं विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्पद एवं लाभदायक रहा।





12. राष्ट्रीय युवा दिवस :– 12/01/2019

दिनाँक 12/01/2019 को स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में आयोजित की गई। शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर के प्राचार्य डॉ0 कोमल सार्वा ने दीप प्रज्जवलन कर स्वामी विवेकानन्द जी के जीवन दर्शन से विद्यार्थियों को अवगत कराया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा भाषण, वाद–विवाद एवं देश भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए।



13.राष्ट्रीय मतदान दिवस 25/01/2019

दिनाँक 25/01/2019 को शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर द्वारा राष्ट्रीय मतदान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ0 कोमल सार्वा ने प्राध्यापको, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को शपथ दिलाई तथा लोकतंत्र में मतदाता एवं मतदान के महत्व को रेखांकित किया। **राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के छात्र संजीव बिश्वास,चंदन सरकार, विश्वजीत बिश्वास, विपल्लव को श्रीमती रानू साहू (आई.ए.एस.)कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला – उ.ब.कांकेर द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।**





विधानसभा निर्वाचन–2018

प्रशस्ति पत्र

**श्री संजीव विश्वास, शासकीय महाविद्यालय पखांजूर** के द्वारा विधानसभा निर्वाचन–2018 के दौरान दिव्यांग सहायता बुथ मे काम करने वाले मतदाता मित्र (छात्र) के रूप में कार्य किया गया, जो कि उल्लेखनीय और सराहनीय है । आपने उक्त सौंपी गई जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक सम्पादित की है ।

आपके द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए मैं उज्जवल भविष्य की कामना करती हूँ ।

शुभकामनाऐं ।

( श्रीमती रानू साहू )
आई.ए.एस.
कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी,
जिला उत्तर बस्तर कांकेर.

## -:Session 2019-2020:-

1. अंतर्राष्टीय योग दिवस (21जून, 2019):–

   उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार 21 जून 2019 को "अंतर्राष्टीय योग दिवस" का आयोजन किया गया। जिसका थीम **''Yoga for Cliemet Action''** प्रार्थना के मंत्रों से योगभ्यास प्रारम्भ करने के पश्चात् अनुलोम, विलोम, शिथलीकरण चालन, सूर्यासन, ताड़ासन, सूर्य नमस्कार, श्वासन तथा शांति पाठ किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 35 लोगो ने भाग लिया जिसमें स्टॉफ एवं छात्र सम्मिलित थे।



2. वृक्षारोपण (05.08.2019)

   शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर के परिसर में 05.08.2019 को प्राचार्य डॉ0 कोमल सार्वा जी के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में महाविद्यालय के छात्र तथा छात्राओं द्वारा फूलदार, फलदार तथा छायादार पौधों का रोपण किया गया। पौधों को खाद एवं पानी दिया गया। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय द्वारा वृक्षारोपण की आवश्यकता एवं महत्ता पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में कुल 105लोगो ने भाग लिया जिसमें स्टॉफ एवं छात्र सम्मिलित थे।



3. फिट इंडिया मूवमेंट –29/08/2019

शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर में दिनांक 29/08/2019 को रा.से.यो. के द्वारा मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया जिसके अर्न्तगत ''**फिट इंडिया मूवमेट** '' के तहत स्वस्थता शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा प्राचार्य डॉ. कोमल सार्वा जी ने समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों को स्वस्थता शपथ दिलाई।

प्राचार्य महोदय इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वस्थ्य आदते, प्रातः भम्रण, व्यायाम, प्रणायाम, शारारिक परिश्रम, योग आदि अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टॉफ सहित 120 विद्यार्थी शामिल हुए।



4. मतदाता सत्यापन अभियान शिविर – 19–21 सितम्बर 2019

जिला निर्वाचन अधिकारी, बस्तर के पत्रानुसार दिनांक 20 सितम्बर 2019 को त्रिदिवसीय ''मतदाता सत्यापन अभियान शिविर'' का शुभारम्भ शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर में प्राचार्य डॉ.कोमल सार्वा जी ने किया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन शाखा के सदस्य उपस्थित रहें। प्राचार्य डॉ.कोमल सार्वा जी ने मतदाता सत्यापन की महता पर प्रकाश डाला तथा सभी विद्यार्थियों एवं लोगों को इस अभियान से जुड़ने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर नए मतदाताओं से नाम जुड़ाने हेतु प्रारुप 6 तथा अन्य फार्म भरवाए गयें। ऑनलाईन सत्यापन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी छात्रा को दी। 180 विद्यार्थी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।



5. रा.से.यो. स्थापना दिवस – 24 सितम्बर 2019

दिनांक 24 सितम्बर 2019 महाविद्यालय में रा.से.यो. का स्थापना दिवस बड़ी धूम–धाम से मनाया गया। प्राचार्य डॉ.कोमल सार्वा जी ने कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र पर पुष्पार्चन के साथ किया तथा राष्ट्र निर्माण में युवा वर्ग की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला प्राचार्य ने बताया की युवा वर्ग को हमेशा देश एवं समाज सेवा हेतु तैयार रहना चाहिए। कार्यक्रम मे कॉलेज स्टाफ सहित 52 विद्यार्थियों ने भाग लिया।



6. ''महात्मा गॉधी की 150 वी  जयंती एवं स्वच्छता अभियानः— 01 एवं 02 अक्अूबर 2019

शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर में राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी की 150 वी जयंती के परिप्रेक्ष्य में दिनांक 01/10/2019 को महाविद्यालय परिसर में ''स्वच्छता ही सेवा'' के तहत महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई। प्रयोगशालाओं को साफ—सुथरा किया गया। प्लाटिक मुक्त परिसर बनाया गया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में गांधी जी के जीवन मूल्य, सत्य, अहिंसा, स्वच्छता की अवधारणा पर रंगोली, चित्रकला, भाषण की प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। दो दिवसीय इस '' 150 वी जयंती समारोह के अंतिम दिवस 2 अक्टूबर 2019 को महाविद्यालय परिसर पखांजूर से प्रातः 10 बजे स्वच्छता जागरुकता रैली को रा.से.यो. इकाई के तत्वाधान में प्राचार्य डॉ.कोमल सार्वा जी ने हरी झंड़ी दिखाकर रवानगी की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पखांजूर, नया बाजार परिसर, अस्पताल परिसर, सामुदायिक भवन की साफ सफाई की गई। अन्त में स्वच्छता के नारे लगाते हुए यह रैली महाविद्यालय परिसर पहुँचकर सभा में तबदील हो गई। इस दरम्यान महात्मा गाँधी के जीवन दर्शन, सत्य की अवधारणा एवं स्वच्छता पर प्रेरक गीत प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम के दौरान रंगोली, चित्रकला एवं भाषण के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में स्टॉफ सहित 176 विद्यार्थियों ने भाग लिया।




7. ''संविधान दिवस'' — 26 नवम्बर 2019

दिनाँक 26 नवम्बर 2019 को महाविद्यालय में ''राष्ट्रीय संविधान दिवस'' हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम रा.से.यो. तथा फील्ड आउट रिच ब्यूरो, जगदलपुर के सयुक्त तत्वाधान में मनाया गया। विद्यार्थियों ने प्राचार्य डॉ.कोमल सार्वा जी के साथ संविधान की उद्देशिका का वाचन किया तथा डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर फुल अर्पित किये। इस अवसर पर कॉलेज के विद्यार्थी ने छत्तीसगढ़ के राज्यगीत '' अरपा पैरी'' का गायन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भाषण प्रतियोगिता, संविधान के मौलिक अधिकार और कर्तव्य विषय पर विस्तृत व्याख्याता तथा संविधान से

संबंधित प्रश्न मंच कार्यक्रम का आयोजन किया तथा सविधान के प्रस्तावना की शपथ लि गई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालयीन स्टॉफ सहित **97** विद्यार्थियों ने भाग लिया।



8. सप्त दिवसीय विशेष शिविर –

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर द्वारा ग्राम पंचायत हरनगढ़ वि0 ख0 कोयलीबेड़ा में दिनांक 23.12.2019 से 29.12.2019 तक सप्त दिवसीय मेघा शिविर का आयोजन स्वच्छ भारत अभियान जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के द्वारा किया गया। जिसमें महाविद्यालय के कुल **50**, साथ ही और महाविद्यालय के कुल 08 स्टॉफ की सहभागिता रही। शिविर उद्‌घाटन सत्र में कार्यक्रम समन्वयक मुख्य अतिथि, सरपंच ग्राम पंचायत डोण्डे, सचिव आदि उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ.कोमल सार्वा जी ने NSS के उद्‌देश्य एवं कार्यक्रम पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही छ0ग0 शासन की महत्वकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होने स्वच्छता अभियान एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

**कार्यक्रम में निम्न कार्य किये गये:**

5. शिविर में स्वयं सेवकों ने पंचायत भवन परिसर की साफ–सफाई, पंचायत के नाले की सफाई, कचरे का निपटान, पॉलीथीन संग्रहण, नाली निर्माण, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला की सफाई एवं कटीली झाड़ियों की छटाई की।
6. डोण्डे के मुख्य पारा में नलजल प्रदाय के मुख्य जलस्त्रोत के कूप के समक्ष गंदगी साफ की गई, कीचड़ कचरे से मुक्त किया गया।
7. कम्पोस्ट खाद निर्माण हेतु घुरवा प्रोजेक्ट के तहत मॉझीगुड़ा में घुरवा निर्माण किया गया एवं वहॉ की नालियों की साफ–सफाई की गई।

8. शिविर में नियमित गतिविधियों के अलावा नशा मुक्ति, अंधविश्वास जागरूकता के विषय पर व्याख्यान करवाया गए।
9. यह कार्यक्रम ग्रामिणों एवं विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्पद एवं लाभदायक रहा।



9. राष्ट्रीय मतदाता दिवस –25 जनवरी 2020

महाविद्यालय में ''10 वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस'' 25 जनवरी 2020 को हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण रुप से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.कोमल सार्वा जी ने की। इस अवसर पर ''जागरुक मतदाता देश का भाग्य विधाता'' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य महोदय ने जाति, वंश, धर्म, भाषा एवं क्षेत्र से ऊपर उठकर योग्य उम्मीदवार को चयन करने हेतु शपथ दिलाई तथा तत्पश्चात मतदाता जागरुकता हेतु रैली निकाली गई। कार्यक्रम में कॉलेज स्टॉफ सहित 64 विद्यार्थी शामिल हुए।



## -:**<u>Session 2021-2022 :-</u>**

1. अंतर्राष्टीय योग दिवस (21जून, 2021):–

   उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार 21 जून 2021 को "अंतर्राष्टीय योग दिवस" का आयोजन किया गया। जिसका थीम **"Yoga For Wellness"** प्रार्थना के मंत्रों से योगभ्यास प्रारम्भ करने के पश्चात् अनुलोम, विलोम, शिथलीकरण चालन, सूर्यासन, ताड़ासन, सूर्य नमस्कार, श्वासन तथा शांति पाठ किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 50 लोगो ने भाग लिया जिसमें स्टॉफ एवं छात्र सम्मिलित थे।




2. वृक्षारोपण (25.07.2021)

   शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर के परिसर में 25.07.2021को प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में महाविद्यालय के छात्र तथा छात्राओं द्वारा फूलदार, फलदार तथा छायादार पौधों का रोपण किया गया। पौधों को खाद एवं पानी दिया गया। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय द्वारा वृक्षारोपण की आवश्यकता एवं महत्ता पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में कुल 135 लोगो ने भाग लिया जिसमें स्टॉफ एवं छात्र सम्मिलित थे।

3. फिट इंडिया मूवमेंट –29 / 08 / 2021

शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर में दिनांक 29 / 08 / 2021 को रा.से.यो. के द्वारा मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया जिसके अर्न्तगत "**फिट इंडिया मूवमेट** " के तहत स्वस्थता शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों को स्वस्थता शपथ दिलाई।

प्राचार्य महोदय इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वस्थ्य आदते, प्रातः भम्रण, व्यायाम, प्रणायाम, शारारिक परिश्रम, योग आदि अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टॉफ सहित **142** विद्यार्थी शामिल हुए।



4. रा.से.यो. स्थापना दिवस – 24 सितम्बर 2021

दिनांक 24 सितम्बर 2021 महाविद्यालय में रा.से.यो. का स्थापना दिवस बड़ी धूम–धाम से मनाया गया। प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र पर पुष्पार्चन के साथ किया तथा राष्ट्र निर्माण में युवा वर्ग की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला प्राचार्य ने बताया की युवा वर्ग को हमेशा देश एवं समाज सेवा हेतु तैयार रहना चाहिए। कार्यक्रम मे कॉलेज स्टाफ सहित 55 विद्यार्थियों ने भाग लिया।




5. ''महात्मा गॉधी जयंती एवं स्वच्छता अभियानः– 02 अक्टूबर 2021

शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर में राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी जयंती के परिप्रेक्ष्य में दिनांक 02/10/2021 को महाविद्यालय परिसर में ''स्वच्छता ही सेवा'' के तहत महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई। प्रयोगशालाओं को साफ–सुथरा किया गया। प्लाटिक मुक्त परिसर बनाया गया। इस कार्यक्रम में स्टॉफ सहित 155 विद्यार्थियों ने भाग लिया।



6. राष्ट्रीय एकता दिवस :– 31/10/2021

शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर में दिनाँक 31/10/2021 को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रुप में मनाई गई। प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने कॉलेज के कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों को लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के व्यक्तित्व एवं दृढ निश्चयी प्रवृति से अवगत कराया तथा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान की प्रशंसा की। महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित **95** विद्यार्थी शामिल हुए।

7. ''संविधान दिवस'' – 26 नवम्बर 2021

दिनाँक 26 नवम्बर 2021 को महाविद्यालय में ''राष्ट्रीय संविधान दिवस'' हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम रा.से.यो. तथा फील्ड आउट रिच ब्यूरो, जगदलपुर के सयुक्त तत्वाधान में मनाया गया। विद्यार्थियों ने प्राचार्य डॉ. डॉ. रश्मि सिंह के साथ संविधान की उद्देशिका का वाचन किया तथा डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर फुल अर्पित किये। इस अवसर पर कॉलेज के विद्यार्थी ने छत्तीसगढ़ के राज्यगीत '' अरपा पैरी'' का गायन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भाषण प्रतियोगिता, संविधान के मौलिक अधिकार और कर्तव्य विषय पर विस्तृत व्याख्याता तथा संविधान से संबंधित प्रश्न मंच कार्यक्रम का आयोजन किया तथा सविधान के प्रस्तावना की शपथ लि गई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालयीन स्टॉफ सहित **165** विद्यार्थियों ने भाग लिया।



8. सप्त दिवसीय विशेष शिविर –

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर द्वारा ग्राम पंचायत परतापुर वि0 ख0 कोयलीबेड़ा में दिनांक 23.12.2021 से 29.12.2021 तक सप्त दिवसीय मेघा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के कुल **50**, शासकीय हाई स्कूल परतापुर के 35, शासकीय हाई स्कूल बड़गांव कुल 30 तथा शासकीय हाई स्कूल पखांजूर के कुल 45 विद्यार्थियों (बालक/बालिका) साथ ही स्कूल और महाविद्यालय के कुल 12 स्टॉफ की सहभागिता रही। शिविर उद्घाटन सत्र के कार्यक्रम में रघुवर सिंह ध्रुव, रूद्र प्रताप शर्मा, चेतन सिंह बघेल तथा राकेश चौधरी कार्यक्रम समन्वयक, राजा राम कोमरा मुख्य अतिथि, रेनूराम कोमरे सचिव आदि उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ.रश्मि ठाकुर जी ने NSS के उद्देश्य एवं कार्यक्रम पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होने स्वच्छता अभियान एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

बौधिक परिचर्चा में डॉ.आयशा कुरैशी तथा **BSF CMO** सर के द्वारा विद्यार्थियों को साफ सफाई, आगे की पढाई के लिए मार्गदर्शन, कोविड – 19 के उचित दिशा निर्देश दिया गया।



कार्यक्रम में निम्न कार्य किये गयेः

1. ग्रामवासियों को कोविड – 19 टीकाकरण संबंधित जानकारी एवं सावधानियां बताई गयी।
2. शिविर में स्वयं सेवकों ने गोठान की साफ–सफाई, ग्राम के नाले की सफाई, कचरे का निपटान, पॉलीथीन संग्रहण, नाली निर्माण, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला की सफाई एवं कटीली झाड़ियों की छटाई की।
3. माँ दंतेश्वरी मंदिर के चारो ओर झाडू से साफ सफाई, फौवड़े से घासफूस की छिलाई व सफाई की गयी।

4. स्वंय सेवकों द्वारा परतापुर के धान मंडी में चबूतरा निर्माण के लिए ढलाई किया गया।
5. सिविल अस्पताल परतापुर के आस – पास फैली गंदगी को साफ किया गया एवं शासकीय उचित मुल्य के दुकान के आस – पास के गड्डो को मुरूम गिट्टी से भरकर समतलीकरण किया गया।
6. शिविर में नियमित गतिविधियों के अलावा नशा मुक्ति, अंधविश्वास जागरूकता के विषय पर व्याख्यान करवाया गए।
7. यह कार्यक्रम ग्रामिणों एवं विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्पद एवं लाभदायक रहा।













9. राष्ट्रीय युवा दिवस :— 12/01/2022

दिनाँक 12/01/2022 को स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में आयोजित की गई। शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर के प्राचार्य डॉ0 डॉ. रश्मि सिंह ने दीप प्रज्जवलन कर स्वामी विवेकानन्द जी के जीवन दर्शन से विद्यार्थियों को अवगत कराया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा निबंध, भाषण, वाद—विवाद एवं देश भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए।



10. राष्ट्रीय मतदाता दिवस —25 जनवरी 2022

महाविद्यालय में ''10 वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस'' 25 जनवरी 2022 को हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण रुप से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने की। इस अवसर पर ''जागरुक मतदाता देश का भाग्य विधाता'' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य महोदय ने जाति, वंश, धर्म, भाषा एवं क्षेत्र से ऊपर उठकर योग्य उम्मीदवार को चयन करने हेतु शपथ दिलाई तथा तत्पश्चात मतदाता जागरुकता हेतु रैली निकाली गई। कार्यक्रम में कॉलेज स्टॉफ सहित 169 विद्यार्थी शामिल हुए।



-: **Session 2022-2023 :-**

1. विश्व पर्यावरण दिवस (05जून, 2022):—

शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर में दिनांक 05.06.2022 को ''**विश्व पर्यावरण दिवस**'' मनाया गया। रा.से.यों इकाई के स्वंय सेवकों द्वारा ''**हरियाली पर्यावरण बचाओ**'' **की एक रैली निकाली** गई। इसमें बैनर, पोस्टर के साथ छात्रों ने नारे बाजी लगाये। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डी. एल.बढ़ाई जी के गिरानी में तथा कार्यक्रम अधिकारी श्री रघुवर सिंह ध्रुव के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर कुल 80 विद्यार्थी शामिल रहे।




2. अंतर्राष्टीय योग दिवस (21जून, 2022):—

उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार 21 जून 2022 को "अंतर्राष्टीय योग दिवस" का आयोजन किया गया। जिसका थीम ''**Yoga For humanity**" प्रार्थना के मंत्रों से योगभ्यास प्रारम्भ करने के पश्चात् अनुलोम, विलोम, शिथलीकरण चालन, सूर्यासन, ताड़ासन, सूर्य नमस्कार, श्वासन तथा शांति पाठ किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 20 लोगो ने भाग लिया जिसमें स्टॉफ और छात्र सम्मिलित थे।






3. विश्व जनसंख्या दिवस :— (11.07.2022)

शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर में रा.से.यों. इकाई द्वारा दिनांक 11.07.2022 को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। जिसके उपलक्ष में महाविद्यालय में विशेष कार्यक्रम का अयोजन हुआ जिसमें भाषण, निबंध, पोस्टर आदि कार्यक्रम शामिल हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डी.एल.बढ़ाई जी ने विद्यार्थियों को जनसंख्या की समस्या एवं रोकथाम के उपाय तथा देश में बढ़ते जनसंख्या पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम अधिकारी श्री रघुवर सिंह ध्रुव, सहयोगी श्री अशोक मण्डावी तथा स्टॉफ के साथ — साथ कुल 85 विद्याथियों ने अपनी सहभागिता दिखाई।



4. स्वच्छता एवं स्वास्थ्य भारत अभियान :– (11.07.2022)

शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर में रा.से.यों. इकाई द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत महाविद्यालय के परिसर की साफ सफाई पॉलीथीन एवं प्लास्टिक मुक्त तथा गड्डों को सपाट किया गया। कार्यक्रम अधिकारी श्री रघुवर सिंह ध्रुव ने स्वच्छता एवं परिसर को स्वच्छ रखने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर स्टॉफ के साथ साथ कुल 60 विद्यार्थी शामिल थें।




महाविद्यालय में रा.से.यों. इकाई द्वारा स्वच्छ भारत अभियान चलाया गया।

5. वृक्षारोपण (25.07.2022)

शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर के परिसर में 25.07.2022को प्राचार्य डी.एल. बढ़ाई जी के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में महाविद्यालय के छात्र तथा छात्राओं द्वारा फूलदार, फलदार तथा छायादार पौधों का रोपण किया गया। पौधों को खाद एवं पानी दिया गया। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय द्वारा वृक्षारोपण की आवश्यकता एवं महत्ता पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में कुल 70 लोगो ने भाग लिया जिसमें स्टॉफ एवं छात्र सम्मिलित थे।

6. वैक्सिनेशन (vaccination)एवं **blood donation** –10/08/2022

शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर में दिनांक 10.08.2022 को कोविड – 19 के लिये वैक्सिनेशन का कार्य हुआ जिसमें 3rd **Does** लगाया गया तथा **blood donation** किया गया।इस कार्यक्रम में पखांजूर सिविल अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी एवं प्राचार्य डी.एल.बढ़ाई जी के गिरानी में कार्य सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में स्टॉफ सहित कुल 55 विद्यार्थी उपस्थित रहें।




महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा **blood donation** किया गया।

7. फिट इंडिया मूवमेंट –29/08/2022

शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर में दिनांक 29/08/2022 को रा.से.यो. के द्वारा मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया जिसके अर्न्तगत "**फिट इंडिया मूवमेट** " के तहत स्वस्थता शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा प्राचार्य डी.एल.बढ़ाई ने समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों को स्वस्थता शपथ दिलाई।

प्राचार्य महोदय इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वस्थ्य आदते, प्रातः भम्रण, व्यायाम, प्रणायाम, शारीरिक परिश्रम, योग आदि अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टॉफ सहित 90 विद्यार्थी शामिल हुए।



विद्यार्थियों को व्यायाम, प्रणायाम, शारीरिक परिश्रम, योग आदि अपनाने पर जोर देते हुए

8. **राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस – 10 सितम्बर 2022**

शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर में रा.से.यो. इकाई एवं स्वस्थ्य विभाग पखांजूर के सहयोग से राष्ट्रीय कृमि दिवस का आयोजन किया गया। उस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डी.एल.बढ़ाई जी ने कृमि के दुष्पपरिणामों से विद्यार्थियों को अवगत कराया तथा 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के विद्यार्थियों को अनबेड़ाजोल 400MG की टेबलेट आवश्यक रूप से खाने की सलाह दी तथा अपने समक्ष विद्यार्थियों को टेबलेट खिलाई। इस कार्यक्रम में कुल 49 छात्र – छात्राओं ने भाग लिया।






9. **रा.से.यो. स्थापना दिवस – 24 सितम्बर 2022**

दिनांक 24 सितम्बर 2022 महाविद्यालय में रा.से.यो. का स्थापना दिवस बड़ी धूम–धाम से मनाया गया। प्राचार्य डी.एल.बढ़ाई ने कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र पर पुष्पार्चन के साथ किया तथा राष्ट्र निर्माण में युवा वर्ग की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला प्राचार्य ने बताया की युवा वर्ग को हमेशा देश एवं समाज सेवा हेतु तैयार रहना चाहिए। कार्यक्रम मे कॉलेज स्टाफ सहित 43 विद्यार्थियों ने भाग लिया।






महाविद्यालय में रा.से.यो. का स्थापना दिवस बड़ी धूम–धाम से मनाय

10. ''महात्मा गॉधी जयंती एवं स्वच्छता अभियानः– 02 अक्टूबर 2022

शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर में राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी जयंती के परिप्रेक्ष्य में दिनांक 02/10/2022 को महाविद्यालय परिसर में ''स्वच्छता ही सेवा'' के तहत महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई। प्रयोगशालाओं को साफ–सुथरा किया गया। प्लास्टिक मुक्त परिसर बनाया गया। इस कार्यक्रम में स्टॉफ सहित **105** विद्यार्थियों ने भाग लिया।



11. राष्ट्रीय एकता दिवस :— 31/10/2022

शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर में दिनाँक 31/10/2022 को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रुप में मनाई गई। प्राचार्य डी.एल.बढ़ाई जी ने कॉलेज के कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों को लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के व्यक्तित्व एवं दृढ निश्चयी प्रवृति से अवगत कराया तथा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान की प्रशंसा की। महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित 55 विद्यार्थी शामिल हुए।




12. बाल दिवस :— 14.11. 2022

शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर में दिनांक 14.11.2022 को बाल दिवस मनाया गया तथा बाल दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय के प्रचार्य महोदय द्वारा कार्यक्रम रखा गया जिसमें महाविद्यालय के प्रचार्य डी.एल.बढ़ाई जी ने पं.जवाहर लाल नेहरू जी की प्रतिमा में पुष्प और तिलक लगाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा निबंध लेखन, रंगोली, तथा भाषण आदि कार्य किये गये। प्रचार्य महोदय जी ने विद्यार्थियों को चाचा नेहरू के जीवन दर्शन से अवगत कराया। कार्यक्रम मे महाविद्यालयीन स्टॉफ सहित कुल 70 विद्यार्थी शामिल रहें।





पं.जवाहर लाल नेहरू जी की प्रतिमा में पुष्प और तिलक बन्दन करते हुए महाविद्यालयीन स्टॉफ

**13. ''संविधान दिवस'' – 26 नवम्बर 2022**

दिनाँक 26 नवम्बर 2022 को महाविद्यालय में ''राष्ट्रीय संविधान दिवस'' हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम रा.से.यो. तथा फील्ड आउट रिच ब्यूरो, जगदलपुर के सयुक्त तत्वाधान में मनाया गया। विद्यार्थियों ने प्रचार्य डी.एल.बढ़ाई जी के साथ संविधान की उद्देशिका का वाचन किया तथा डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर फुल अर्पित किये। इस अवसर पर कॉलेज के विद्यार्थी ने छत्तीसगढ़ के राज्यगीत '' अरपा पैरी'' का गायन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भाषण प्रतियोगिता, संविधान के मौलिक अधिकार और कर्तव्य विषय पर विस्तृत व्याख्याता तथा संविधान से संबंधित प्रश्न मंच कार्यक्रम का आयोजन किया तथा सविधान के प्रस्तावना की शपथ लि गई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालयीन स्टॉफ सहित 102 विद्यार्थियों ने भाग लिया।



## आदिवासी छात्र युवा संगठन द्वारा शासकीय महाविद्यालय पखांजुर और अंबेडकर चौक पर हर्षोल्लास के साथ मनाया संविधान दिवस...

हेमंत कुमार उसेंडी

अन्तागढ़ (लोक किरण)। आदिवासी छात्र युवा संगठन के प्रमुख अध्यक्ष राजेश नुरूटी के निर्देश अनुसार कार्यकर्ताओं द्वारा शासकीय महाविद्यालय पखांजुर में छात्रों के साथ मिलकर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया और पखांजुर नया बाजार में स्थित अम्बेडकर मूर्ति में माल्यार्पण कर जय भीम जय संविधान के नारे लगाते हुए हर्षोल्लास के साथ संविधान दिवस मनाया गया। गोपेश दास साहू ने संविधान की प्रस्तावना पढ़कर शपथ दिलाई गई। आदिवासी छात्र युवा संगठन के महामंत्री, विनोद कुमेटी, सचिव संगीता दुग्गा,सोमा नुरूटी,लक्ष्मण मण्डावी,गीता दुग्गा,भूमिका नवगो, सविता नरेटी ने कहा कि बाबा साहब ने देश में शोषित पीड़ित एवं सर्वहारा वर्ग को मुख्यधारा में लाने के लिए संविधान की व्यवस्था दी हैं । अब हमारा जिम्मेदारी है कि संविधान के मूल भावनाओं को यथावत रखें। देश में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस या राष्ट्रीय कानून दिवस मनाया जाता है। यह खास दिन 1949 के ऐतिहासिक दिन को दर्शाता है जब संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान को अपनाया गया था। भारतीय संविधान कई मायनों में विश्व के अन्य देशों के संविधान से अलग है लेकिन विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान होने इसे अन्य देशों से बेहद अलग बनाता है।

इस कार्यक्रम में निम्न उपस्थित थे -सचिव संगीता दुग्गा, महामंत्री विनोद कुमेटी ,गीता दुग्गा ,छोटे बेटीया सर्कल अध्यक्ष सोमा नुरुटी, लक्षमण मंडावी, काजल पोया, पुनम उईके, पिनकी कुमेटी, भूमीका नवगो,सवीता नरेटी, महेश दर्रो सुकराम पोटाई प्रदिप जाड़े ,प्रकाश नुरुटी प्राध्यापक नोहरु राम निषाद कमलेश कुमार टेंबुलकर श्री मति वंदना दास,अंजूमन बनो , अमित पाल , नाहिद परवीन , रोशन कुमार, गोपेश दास साहू, प्रज्ञा कश्यप, टोमेश्वर साहू आदि थे।



**14. सप्त दिवसीय विशेष शिविर –**

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर द्वारा ग्राम पंचायत घोड़ागांव वि0 ख0 कोयलीबेड़ा में दिनांक 04.01.2023 से 10.01.2023 तक सप्त दिवसीय शिविर का आयोजन, जिसमें महाविद्यालय के कुल 50 छात्र – छात्राओं ने रा.सं.यों. स्वंय सेवकों के साथ शासकीय हाई स्कूल घोड़ागांव में शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र के कार्यक्रम में घोड़ागांव प्राचार्य श्री द्वबेदी सर, घोड़ागांव बालक छात्रवास के समन्वयक, कार्यक्रम अधिकरी श्री रोशन कुमार डोंगरे, श्री गोपेश दास साहू श्री देवसिंह कंवर, सुश्री नाहिद परवीन,नाग सर, मुख्य अतिथि, कोयलीबेड़ा विकासखण्ड जनपद पंचायत अध्यक्ष नुरूटी मैम आदि उपस्थित थे। प्राचार्य डी.एल.बढ़ाई जी ने NSS के उद्देश्य एवं कार्यक्रम पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होने स्वच्छता अभियान एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

बौधिक परिचर्चा में डॉ.आयशा कुरैशी तथा श्री रवि कश्यप न्यायाधीश व्यवहार न्यायालय पखांजूर के द्वारा विद्यार्थियों को साफ सफाई, संविधान संबंधी विविध कानूनी जानकारियों से अवगत कराया गया, आगे की पढाई के लिए मार्गदर्शन, पर्यावरण संबंधी जानकारी दिया गया।











1. शिविर में स्वयं सेवकों ने गोठान की साफ–सफाई, ग्राम के नाले की सफाई, कचरे का निपटान, पॉलीथीन संग्रहण, नाली निर्माण, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला की सफाई एवं कटीली झाड़ियों की छटाई की।
2. स्वंय सेवकों द्वारा गांव के लोगो को स्वास्थ्य, शिक्ष ाा, साफ – सफाई आदि के बारे में नुक्कड़, नाटक, गीत, कविताओं के द्वारा अवगत कराया गया।
3. घोड़ागांव विद्यालय के बच्चों को स्वंय सेवकों द्वारा अतिरिक्त कक्षा (पढ़ाई) के माध्यम से विद्या, श्रम, प्रदान किया गया।
4. स्वंय सेवकों के द्वारा गांव के रंगमंच तथा आस पास की साफ सफाई किया गया।
5. स्वंय सेवकों द्वारा परतापुर के धान मंडी में चबूतरा निर्माण के लिए ढलाई किया गया।
6. शिविर में नियमित गतिविधियों के अलावा नशा मुक्ति, अंधविश्वास जागरूकता के विषय पर व्याख्यान करवाया गए।
7. यह कार्यक्रम ग्रामिणों एवं विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्पद एवं लाभदायक रहा।
8. स्वंय सेवकों के द्वारा स्कूली बच्चों को योगाभ्यास के द्वारा योग शिक्षा प्रदान किया गया।









15. कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा :– 09.02.2023

(30.01.2023 से 13.02.2023 तक)

दिनांक 09.02.2023 को शासकीय वीर गैंद सिंह महाद्यािलय पखांजूर में कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा के अर्न्तगत सिविल अस्पताल पखांजूर कुष्ठ विभाग के श्री कुरैशी सर, श्री टेमरे सर के द्वारा कुष्ठ क्या है, कुष्ठ कैसे होता है, कुष्ठ से कैसे बचा जा सकता हैं, कुष्ठ का इलाज क्या है, आदि के बारे में विविध जानकारी महाविद्यालय के छात्र –छात्राओं को दिया गया। श्री कुरैशी सर ने कहा कि कुष्ठ छुआछुत की बीमारी नही हैं इस रोग से ग्रसित व्यक्ति के साथ अछुतों जैसा व्यहार नही करना चाहिए। इस कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के छात्र – छात्राओं ने कुष्ठ रोग संवंधी भाषण प्रतियोगिता में भाग लिये।









दैनिक भास्कर कांकेर 11-02-2023

# कुष्ठ जागरूकता क्विज में प्रिया बाला रहीं अव्वल

पखांजूर| सिविल अस्पताल पखांजूर और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर द्वारा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर कुष्ठ जागरूकता क्विज स्पर्धा हुई। इसके साथ ही कुष्ठ कार्यक्रम से जुड़े स्थानीय सिविल अस्पताल के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा कुष्ठ के होने का कारण, जांच, उपचार और सावधानी के संबंध में जानकारी दी गई।

इस रोग के साथ जुड़ी और समाज में भ्रांति के संबंध में भी लोगों को सही जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपस्थित कुष्ठ रोग के प्रभारी एमएस कुरैशी, विजय टेमरे ने बताया कि यह रोग मुख्यत श्वास तंत्र और बाह नसों की एक ग्रेन्युलोमा बिमारी है। त्वचा में घाव इसके प्राथमिक लक्षण है। इसका समय रहते उपचार न हो तो यह शरीर के काफी हिस्सों में फैल सकता है, जिससे त्वचा नसों, हाथ पैर तथा आंखों में स्थाई क्षति पहुंचा सकता है। समाज में इस रोग को लेकर तरह-तरह की भ्रांति है। क्विज प्रतियोगिता में पहले स्थान पर प्रिया बाला, दूसरे स्थान पर सुनीता उइके रहीं। उन्हें सिविल अस्पताल द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ प्राध्यापक आरएस औरसा ने कहा कि अगर किसी को इस प्रकार के कोई लक्षण दिखे, तो वे तुरंत इसकी जांच कराएं और इसका उपचार लें। इस अवसर पर गोपेश दास साहू, कमलेश तेंदुलकर, देव कुमार कंवर, अंजुमन बानो सहित स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

विजेताओं को किया गया पुरस्कृत।

